<u>संदेश</u>

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि क्षयरोग (टीबी) के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 24 मार्च को 'विश्व क्षयरोग दिवस' मनाया जा रहा है।

इस दिन का उद्देश्य लोगों को टीबी के वैश्विक प्रभाव के बारे में शिक्षित करना, बीमारी को नियंत्रित करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इससे निपटने के प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। यह दिन टीबी की शीघ्र पहचान, उपचार और रोकथाम के महत्व की याद दिलाने का भी काम करता है।

मैं, सभी से आग्रह करती हूं कि क्षयरोग मुक्त भारत बनाने के लिए मिलकर कार्य करें और इस लक्ष्य को प्राप्त करें।

****